अमर उजाला
बरेली
मंगलवार, 7 फरवरी 2023
फाल्गुन कृष्ण द्वितीया
विक्रम संवत 2079

PAGE NO. 07, MIDDLE

समावेशी, रोजगारपरक है केंद्रीय आम बजट

बरेली। श्रीराममूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में केंद्रीय बजट पर परिचर्चा हुई। बजट को समावेशी बताया। आईक्यूएसी के डायरेक्टर डॉ. डीएन राव ने परिचर्चा के विषय की जानकारी दी।

प्राचार्य डॉ. प्रभाकर गुप्ता ने विद्यार्थियों को देश की अर्थव्यवस्था के आकलन का सुझाव दिया। सीए विनय कृष्ण व सीए रोहन गर्ग ने बजट को गांवों और शहरों के विकास के अंतर को कम करने और लोगों के आ रही दिक्कत दूर करने वाला बताया। सीए रवि जौहरी ने टैक्स प्रावधान के बारे में बताया। सीईटीआर के प्राचार्य डॉ. एमएल मौर्य, एमबीए विभागाध्यक्ष डॉ. अनुज कुमार आदि मौजूद रहे। ब्यूरो